**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 29.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज जमशेदपुर में ओल चिकी लिपि के शताब्दी वर्ष समारोह और एनआईटी जमशेदपुर में दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क।**
2. **मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन में "विकसित भारत के लिए मानव पूंजी" विषय पर हुआ व्यापक मंथन, झारखंड सरकार ने शिक्षा, कौशल विकास और महिला–बाल सुरक्षा से जुड़ी प्रमुख पहलों को सम्मेलन में किया प्रस्तुत।**
3. **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा – नए साल में संगठन को मजबूत करना पार्टी का है मुख्य संकल्प, नगर निकाय चुनाव नहीं कराने को लेकर राज्य सरकार पर लगाए आरोप।**
4. **राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी, मौसम विभाग ने रांची समेत सात जिलों में येलो अलर्ट किया जारी।**
5. **रांची में आयोजित महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन मुकाबले में एसजी पाइपर्स ने रांची रॉयल्स को 2–0 से हराया।**

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने तीन दिवसीय झारखंड दौरे के तहत कल शाम रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचीं, जहां राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उनका स्वागत किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राष्ट्रपति का काफिला एयरपोर्ट से लोकभवन पहुंचा, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज अपने एक दिवसीय दौरे पर जमशेदपुर पहुंचेंगी जहाँ वे ओल चिकी लिपि के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होंगी। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति जमशेदपुर परिसदन में विश्राम करेंगी और दोपहर में आदित्यपुर स्थित एनआईटी में आयोजित दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी। कार्यक्रम समाप्ति के बाद वे रांची के लिए रवाना होंगी।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू के सरायकेला खरसावां में आगमन को लेकर एनआईटी जमशेदपुर परिसर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सहित वरीय अधिकारियों ने अंतिम चरण में मॉक ड्रिल कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया, जिसमें पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में नजर आईं। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने आम लोगों से राष्ट्रपति के आगमन के दौरान निर्धारित रूट का कम उपयोग करने और वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील की है।

**********************

26 से 28 दिसंबर तक नई दिल्ली में आयोजित मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन में **"विकसित भारत के लिए मानव पूंजी"** विषय पर प्रारंभिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा और खेल जैसे क्षेत्रों पर व्यापक मंथन हुआ। सम्मेलन के दूसरे दिन झारखंड सरकार की ओर से मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने मदर–चाइल्ड प्रोटेक्शन फिलपबुक, आंगनबाड़ी–आशा नेटवर्क और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप टीचर प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम जैसी पहलों को प्रस्तुत किया। तीन दिवसीय सम्मेलन का कल सफल समापन हुआ, जिसमें केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग मजबूत करने, शासन सुधार और नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

**********************

अखिल भारतीय अभियान ऑपरेशन उपलब्ध के तहत आरपीएफ मालदा मंडल की टीम ने कल साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर छापेमारी कर अवैध रूप से आरक्षित रेलवे टिकट की खरीद–फरोख्त में संलिप्त एक व्यक्ति को

गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ रेलवे अधिनियम की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**********************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नए साल में संगठन को मजबूत करना पार्टी का मुख्य संकल्प है और जनता से जुड़े मुद्दों को सदन से लेकर सड़क तक मजबूती से उठाया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार से नगर निकाय चुनाव अविलंब कराने की मांग करते हुए कहा कि दलीय आधार पर चुनाव नहीं होने से धनबल और बाहुबल हावी होता है। बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद निकाय चुनाव नहीं कराकर सरकार सभी शक्तियां अपने पास केंद्रित रखना चाहती है, जिससे केंद्र से मिलने वाली सहायता का भी उपयोग नहीं हो पा रहा है।

**********************

खूंटी पुलिस ने कर्रा थाना क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या के मामले का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी खूंटी मनीष टोप्पो ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली और मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

**********************

केंद्र सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के विशेष भ्रमण कार्यक्रम के तहत हजारीबाग के 37 छात्रों का जत्था साहिबगंज पहुंचा है। और जानकारी दे रहे हैं

**********************

राज्य में शीतलहर का प्रकोप जारी है और कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, रामगढ़ और बोकारो जिलों के लिए शीत लहर को लेकर 'येलो' अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटों में गुमला में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री, लोहरदगा में 3.7 डिग्री और खूंटी में चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**********************

महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन मुकाबले में रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में एसजी पाइपर्स ने रांची रॉयल्स को 2–0 से पराजित किया। एसजी पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर ने 27वें मिनट में पहला गोल किया, जबकि टेरेसा वियाना ने 46वें मिनट में दूसरा गोल दागकर बढ़त दोगुनी कर दी।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित होने वाले सभी प्रमुख अखबारों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– रांची पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू, आज ओल चिकी शताब्दी समारोह में लेंगी भाग।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – कार्तिक उरांव के बहाने आदिवासी राजनीति को साधने में जुटी भाजपा।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– पुलिस की निगरानी में रखा 200 किलो गांजा खा गये चूहे, आरोपी बरी।

**हिंदुस्तान** ने बिहार में पीएलएफआई का गढ़ बनाने की थी साजिश की खबर को अपनी सुर्खी बनायी है।

**********समाप्त**********